मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 296 ■ शनिवार, 22 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

## उल्हासनगर की सूरत बदलने निकली मनपा आयुक्त आव्हाले

# ठाणे जिले में 896 इमारतें अवैध



**उल्हासनगर .** कल्याण-डोंबिवली में 65 अवैध निर्माणों का मामला चल रहा है, वहीं सूचना के अधिकार में खुलासा हुआ है कि ठाणे जिले के ठाणे, अंबरनाथ और कल्याण तालुका में सरकारी भूखंडों पर 896 अवैध निर्माण किए गए हैं। इसमें कल्याण तालुका में 327 और अंबरनाथ तालुका में 550 निर्माण परियोजनाएं शामिल हैं। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका सीमा के भीतर रेरा पंजीकरण घोटाले में 65 अवैध निर्माण किए जाने का खुलासा हुआ है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने इन संरचनाओं को ध्वस्त करने का आदेश दिया है।

**विस्तृत खबर पेज 4 पर...**



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## किसान आंदोलन बेनतीजा

भारत के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर त्योहारों और छुट्टियों के दौरान या किसी विशेष आयोजनों के समय डिब्बों से लेकर प्लेटफार्म तक यात्रियों की भीड़ बेतहाशा बढ़ जाती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों मची भगदड़ के बाद उठे कई सवालों के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जरूरी सवाल उठा कर रेलवे की एक सबसे बड़ी खामी की ओर इशारा किया है। आमतौर पर किसी भी रेलगाड़ी में डिब्बों के हिसाब से यात्रियों की संख्या निर्धारित होती है।

इसी तरह अनारक्षित श्रेणी के डिब्बे में भी यात्रियों की एक सीमा है। मगर यह देखा गया है कि छुट्टियों और त्योहारों के दौरान गैरआरक्षित टिकटों की बिक्री करने में किसी सीमा का ध्यान नहीं रखा जाता। ऐसी स्थिति में सीट मिलना तो दूर, सामान्य डिब्बे में घुसने तक की स्थिति न बन पाने की वजह से कई यात्री आरक्षित डिब्बे में भी सवार हो जाते हैं।

इससे पहले से आरक्षित श्रेणी में यात्रा करने वालों को काफी दिक्कत होती है। वहीं अनारक्षित डिब्बे में पैर रखने तक की जगह नहीं होती। कई बार यात्री दरवाजे पर लटके दिखाई देते हैं। ऐसे में स्टेशन पर मची भगदड़ के संदर्भ में उच्च न्यायालय ने उचित सवाल किया है कि डिब्बों की क्षमता से अधिक टिकट बेचे ही क्यों गए।

यह प्रश्न स्वाभाविक ही है कि जब रेलवे को मालूम है कि स्टेशन से कितनी गाड़ियां रवाना होंगी और एक डिब्बे में अधिकतम कितनी संख्या में लोग यात्रा कर सकते हैं, तो उससे बहुत ज्यादा टिकट कैसे बेचे गए। दरअसल, रेलवे कई बार अपने ही बनाए नियमों की उपेक्षा करता है। उच्च न्यायालय ने इस प्रवृत्ति पर गंभीर सवाल उठाया है।

हादसे वाले दिन नई दिल्ली स्टेशन पर अधिक प्लेटफार्म टिकट जारी होने से भी स्थिति बिगड़ी थी। नई दिल्ली स्टेशन पर त्रासद हादसे के बाद कई सख्त नियम-कायदे लागू किए गए, लेकिन दूरदर्शिता के अभाव में भगदड़ और उसके नतीजे में जो हुआ, उससे स्टेशन प्रबंधकों की बदइंतजामी और घोर लापरवाही ही सामने आई। नई दिल्ली स्टेशन का जो बुनियादी ढांचा है, वह इतनी बड़ी संख्या में आए यात्रियों की भीड़ को संभाल नहीं पाया। बेहतर होगा कि जिस तरह हवाईअड्डों पर भीड़ प्रबंधन के लिए एक पुख्ता तंत्र है, रेलवे वैसी ही व्यवस्था जल्द अपनाए।

# शिक्षा और स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों पर देना होगा अधिक ध्यान

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में 70 से ज्यादा देशों के करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। यह संख्या अमेरिका और कनाडा की कुल जनसंख्या से ज्यादा है और अभी शिवरात्रि का स्नान शेष है। विश्व में इतना बड़ा सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजन कभी नहीं हुआ।

इसके आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो समर्पण दिखाया और प्रशासनिक तंत्र, पुलिस, अर्धसैनिक बलों तथा गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों ने जो मेहनत की, उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। ऐसे बड़े आयोजनों में कुछ न कुछ कमियां रह जाती हैं। कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुई हैं। उनकी जांच जारी है, लेकिन राजनीतिक दलों को अवांछनीय टिप्पणियों से बचना चाहिए। ऐसा करने से आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों-कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है।

महाकुंभ संपूर्ण मानवता का महामिलन है। यह भारतीय सनातन की अद्भुत विविधता, उसकी सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक गांभीर्य का जीवंत उदाहरण है। महाकुंभ हिंदू आस्था, हिंदू अस्मिता और हिंदू आत्मगौरव का संकेत है। यह हिंदू समाज की पद्सोपानीय संरचना से उपजे जातीय विभाजन को लांघने की शुरुआत है।

यह विविधता में एकता के कथ्य को रेखांकित करता है। यह हिंदू समाज में बढ़ते विखंडन पर विराम की बानगी है। इसके सामाजिक और




राजनीतिक निहितार्थ अवश्य होंगे। महाकुंभ से विपक्ष के वे नैरेटिव भी खारिज हो गए, जो लोकसभा चुनाव में गेम चेंजर बने थे। दिल्ली विधानसभा तथा उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे इसके उदाहरण रहे।

ये दोनों चुनाव महत्वपूर्ण थे, क्योंकि दिल्ली में भाजपा 27 वर्षों से सत्ता से बाहर थी और मिल्कीपुर अयोध्या से लगे फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आता है। दोनों जगह भाजपा की जीत हुई। मिल्कीपुर की जनता ने सपा-कांग्रेस का वह विमर्श खारिज कर दिया कि अयोध्या के राजा रामलला नहीं, सपा के मौजूदा सांसद अवधेश प्रसाद हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप के लिए प्रचार किया, मगर 'भाजपा संविधान बदल देगी' और 'पिछड़ों दलितों का आरक्षण खत्म कर देगी' वाला नैरेटिव यहां नहीं चला। इसी नैरेटिव से सपा ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को लोकसभा चुनावों में हराया था। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता ने अखिलेश का यह नैरेटिव और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का मिथक तोड़ दिया।

यह आश्चर्यजनक था, क्योंकि मिल्कीपुर में 1993 के बाद भाजपा कभी नहीं जीती। इसमें 2017 जरूर एक अपवाद था। मिल्कीपुर में 55 हजार यादव, सवा-लाख दलित और 30 हजार मुस्लिम हैं। इन्हीं वर्गों को 'पीडीए' की आधारशिला बताया जा रहा था। भाजपा ने यहां 60.17 प्रतिशत वोट पाकर 'पीडीए' पर इतराने वाली सपा को हराया। दोनों जगह भाजपा ने पिछड़ों-दलितों के मन में संविधान और आरक्षण पर भ्रामक भय दूर कर उनका विश्वास जीता। यह भाजपा की समावेशी राजनीति का सशक्त संकेत है।

महाकुंभ के सफल आयोजन में देश-विदेश से पधारे असंख्य श्रद्धालुओं, अखाड़ों, महामंडलेश्वरों, संत-महात्माओं और आमजन ने जिस अनुशासन का परिचय दिया, वह दुर्लभ है। भले ही लोगों को महाकुंभ पहुंचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन महाकुंभ परिसर में पहुंच कर लोगों को एक अलौकिक अनुभूति हुई।

इस सफल आयोजन के कुछ संकेत हैं। एक, भारत में देशाटन और वैश्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जैसे-जैसे देश में मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग में आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है, लोगों में धार्मिक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को देखने की ललक बढ़ रही है। पहले हम अपनी धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों की वैश्विक स्तर पर समुचित 'मार्केटिंग' नहीं कर सके थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह काम किया है। जिस तरह वह विदेश में प्रवासी भारतीयों और विदेशी पर्यटकों को भारत आने का आह्वान करते हैं, उससे देश को लाभ हुआ है।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जीवंत मानव एकता की शुरुआत होती है अपने दिलों से शत्रुता मिटाने से।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# रेखा सरकार के सामने ढेर सारी चुनौतियां

दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक स्पष्ट संदेश के साथ काम करना चाहती है। इस बात पर राजनीतिक गलियारों में जरूर सुगबुगाहट रही कि दिल्ली विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद पर चुने गए व्यक्ति की घोषणा करने में ग्यारह दिन क्यों लग गए। सतह पर इस पद के लिए खींचतान की चर्चा रही, मगर ऐसा लगता है कि रेखा गुप्ता की अब तक की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए उनके नाम पर सहमति बनाने में पार्टी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जो हो, अब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही रेखा गुप्ता के सामने जितनी बड़ी चुनौती इस जिम्मेदारी के निर्वहन की है, उसी के समांतर जनता की नजर उन वादों को पूरा किए जाने पर भी रहेगी, जो चुनावों के दौरान भाजपा की ओर से किए गए थे।

गौरतलब है कि दिल्ली चुनावों के दौरान यमुना का पानी और उसकी सफाई एक बहुप्रचारित मुद्दा बनी थी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत यह है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने और उसकी सफाई के मसले पर दशकों से राजनीति होती रही है। अमूमन हर पार्टी ने सत्ता मिलने पर यमुना को स्वच्छ बनाने के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी यह नदी बेहद दयनीय हालत में है और जिसका पानी नहाने लायक भी नहीं है।

यह देखने की जरूरत होगी कि दिल्ली की नई सरकार यमुना को एक स्वच्छ नदी के रूप में जीवन देने के लिए कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती है। इसके अलावा, पूर्व सरकार की ओर से जनता के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम, स्कूली शिक्षा, भ्रष्टाचार पर रोक, आबकारी



नीति, दिल्ली में भयावह स्तर तक के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिन पर विपक्ष के रूप में कभी भाजपा सवाल उठाती थी और अब आम आदमी पार्टी अपनी मजबूत भूमिका में हमेशा तैयार दिखेगी।

मसलन, दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने की घोषणा के समांतर इस मसले पर संदेह भी जताए जाने लगे हैं। यों मुफ्त की योजनाओं पर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं, मगर दिल्ली में बिजली-पानी आदि सेवाओं के अलावा बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा, आयुष्मान भारत की सुविधा जैसी कई योजनाओं के अलावा उपराज्यपाल के साथ तालमेल के मामले में नई सरकार की नीतियों पर सबकी नजर रहेगी।

मुख्यमंत्री के सामने एक बड़ी चुनौती

हालांकि यह चौथी बार है, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान एक महिला को मिली है, लेकिन भाजपा ने इस बार खासी सीटें जीतने के बाद और इस पद के लिए कई दावेदारियों और जद्दोजहद की खबरों के बीच जिस तरह रेखा गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है, यह अपने आप में एक अहम फैसला है। अब सत्ता संभालने के बाद भाजपा और नवनियुक्त मुख्यमंत्री के सामने एक बड़ी चुनौती यह भी होगी कि आम आदमी पार्टी के शासन को उन्होंने जिन सवालों पर कठघरे में खड़ा किया था, जनता से जो वादे किए थे, उनको पूरा करने के प्रति वे कितनी मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती हैं।

कई बार चुनावी जीत हासिल करने के लिए प्रचार के दौरान लोकलुभावन घोषणाएं तो कर दी जाती हैं, मगर सत्ता मिलने के बाद उन्हें पूरा करने को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिखाई जाती है। ऐसे में यह देखने की बात होगी कि दिल्ली में शासन की कार्यकारी शक्तियों की सीमा में नई मुख्यमंत्री यहां वैसी किन नीतियों पर चलती हैं, जो उन्हें पिछली सरकार के मुकाबले अलग ठहराए।


# फोटो खींचो, हथकड़ी पहनो और 'जेल की हवा' खाओ!

जरा हट के

अब तक आपने सुना होगा कि लोग जेल जाने से डरते हैं, लेकिन सिद्दीपेट में एक होटल ऐसा है, जहां लोग खुशी-खुशी खुद को 'कैद' करवा रहे हैं. जी हां, तेलंगाना के मैत्री वनम इलाके में खुला 'जेल मंडी' होटल हर किसी की जुबान पर है. यहां खाने से ज्यादा माहौल चर्चा में है—जेल जैसी कोठरियां, हथकड़ियां, पुलिस की लाठियां और वर्दियां.

अब सोचिए, कोई आपको कहे कि चलो जेल चलते हैं और आप मना करने के बजाय खुशी-खुशी तैयार हो जाएं. यही तो हो रहा है मल्लिकार्जुन के इस अनोखे होटल में, जिसने अपने अनोखे अंदाज से लोगों को लुभा लिया है.

इस होटल की सबसे खास बात यह है कि यहां खाने का मजा लेने के लिए आपको एक जेल सेल में बैठना पड़ेगा. वैसे कोई जबरदस्ती नहीं है, लेकिन जेल जैसी कोठरियों में बैठकर गरमा-गरम बिरयानी खाने का



जो मजा है, वो शायद किसी बड़े रेस्तरां में भी न मिले और हां, यहां के मेन्यू की सबसे चर्चित डिश 'चिकन जूसी बिरयानी' है, जो ग्राहकों को इतनी पसंद आई है कि लोग दोबारा-तिबारा लौटकर आ रहे हैं.

आज के सोशल मीडिया के जमाने में सिर्फ खाना ही काफी नहीं, जब तक उसमें कुछ अलग हटकर न हो. इसीलिए होटल में सिर्फ खाने का नहीं, बल्कि मजेदार फोटोशूट का भी पूरा इंतजाम है. लोग पुलिस की वर्दी पहनकर, हथकड़ी लगाकर और जेल की कोठरी में बैठकर तस्वीरें खिंचवा रहे हैं.

### मालिक मल्लिकार्जुन की क्रिएटिव सोच का कमाल

इस अनोखे होटल के पीछे दिमाग है मल्लिकार्जुन का, जो अपने नवाचार से लोगों को चौंकाने में माहिर हैं. उन्होंने होटल खोलते वक्त सिर्फ खाने पर ही नहीं, बल्कि उसके एक्सपीरियंस पर भी फोकस किया. नतीजा? दो महीने में ही ये होटल लोगों की फेवरेट जगह बन चुका है.

# पूजा के फूल से बनाएं खुशबूदार धूपबत्ती

### सालभर नहीं पड़ेगी खरीदने की जरूरत, जानें आसान तरीका

पूजा-पाठ में दीप, कपूर और अगरबत्ती के साथ धूपबत्ती का भी विशेष महत्व है. इसकी खुशबू से घर में सकारात्मकता और शांति का वातावरण बनता है. आमतौर पर लोग बाजार से सुगंधित धूपबत्तियां खरीदते हैं, लेकिन आप इसे घर पर भी आसानी से बना सकते हैं. खास बात यह है कि इसके लिए ताजे फूलों की जरूरत नहीं, बल्कि सूखे फूलों का उपयोग किया जा सकता है. पूजा में चढ़ाए गए फूलों को फेंकने के बजाय आप इनसे धूपबत्ती बनाने के लिए इस्तेमाल करें. यहां हम आपको सूखे फूलों से घर पर धूपबत्ती बनाने का आसान तरीका बता रहे हैं.




### पूजा के सूख चुके फूलों से धूपबत्ती बनाने का आसान तरीका...

सामग्रीः

- 2 कटोरी- सूखे पूजा के फूल (गुलाब, गेंदा, बेला आदि)
- आधा कप- लकड़ी का कोयला या बांस की लकड़ी
- 3 से 4 चम्मच- चंदन पाउडर या अगरवुड पाउडर
- 3 से 4 चम्मच- गुग्गुल या लोबान
- 2 से 3 चम्मच-घी
- 6 से 7-कपूर
- 1 चम्मच- गोंद या अरारोट पाउडर

### बनाने की विधि :

- पूजा के बचे हुए फूलों को 3-4 दिन तक धूप में अच्छे से सुखा लें. जब ये पूरी तरह से सूख जाएं, तो इन्हें मिक्सी में पीसकर पाउडर बना लें.
- सूखे फूलों के पाउडर में चंदन पाउडर, अगरवुड पाउडर और गुग्गुल मिलाएं. यह मिश्रण धूपबत्ती को प्राकृतिक सुगंध देगा.
- इस मिश्रण में गोंद या अरारोट पाउडर मिलाकर थोड़ा घी डालें, जिससे गाढ़ा पेस्ट बन जाए और इसे बाइंड करने में मदद मिले.
- अब इस पेस्ट की छोटी-छोटी गोलियां बना लें और अपने पसंदीदा शेप में धूपबत्ती का आकार दें. तैयार धूपबत्तियों को छांव में 1 दिन तक सुखाएं. जब ये पूरी तरह सूख जाएं, तो आप इन्हें स्टोर कर सकते हैं.

### बनाने की विधि :

- बाजार की धूपबत्तियों में कई केमिकल होते हैं, लेकिन यह पूरी तरह प्राकृतिक होगी.
- फेंके जाने वाले फूलों का सही उपयोग होगा और इससे सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी.
- घर में पूजा-पाठ के समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.
- इससे फूलों की बर्बादी रुकेगी और पूजा के फूल कूड़े में जाने से बचेंगे.
- तो अगली बार जब पूजा के फूल बच जाएं, तो उन्हें फेंकने की बजाय जमा कर सुखाते जाएं. फिर इनसे खुशबूदार धूपबत्ती बनाकर इस्तेमाल करें.

# सफेद चने से बनाएं नमकीन

खाना-खजाना

शाम की चाय के साथ कुछ क्रिस्पी नमकीन खाने का दिल करता है। तो बाहर के अनहेल्दी ऑयल में तली नमकीन खाने की बजाय घर में ही क्रिस्पी स्नैक्स तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने में ज्यादा टाइम नहीं लगता और ये एक से दो महीने आराम से रखी जा सकती है। सफेद चने से सीख लें मजेदार नमकीन बनाने की रेसिपी।

### सामग्री

- 100 ग्राम सफेद चना
- एक कप लहसुन की कलियां
- 8-10 हरी मिर्च
- एक चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट
- एक चम्मच नमक
- लाल मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- आधा चम्मच हल्दी पाउडर
- एक चम्मच गरम मसाला
- चार चम्मच मैदा
- दो चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक नींबू का रस
- ढेर सारा करी पत्ता
- तलने के लिए तेल

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले सफेद चने को रातभर के लिए या फिर 5 घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसका पानी छानकर अलग कर लें। किसी बड़े



बर्तन में इसे पलटें और मसाले मिलाएं। मसालों में सबसे पहले लहसुन की कलियां डालें। साथ में लाल मिर्च और अदरक-लहसुन का पेस्ट डाल दें। नमक, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, गरम मसाला डाल दें। फिर मैदा चार चम्मच और क्रिस्पीनेस के लिए कॉर्नफ्लोर को दो चम्मच डाल दें। नींबू का रस डालें। आप चाहें तो खटास के लिए अमचूर पाउडर भी मिला सकते हैं। अब हाथों से मिक्स करें और सारे चने में मसाले को मिक्स करें। हाथ में थोड़ा सा पानी लेकर छिड़के और फिर मिक्स करें। जिससे कि सारा मसाला एक-एक चने पर अच्छी तरह से कोट हो जाए। हरी मिर्च को साइड में लंबा कट कर के रख लें। साथ ही करी पत्ता भी रख लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और चने को डीप फ्राई करें। जब चना गोल्डन होने लगे तो साथ में हरी मिर्च और करी पत्ता भी डाल दें। जिससे कि एक तड़का जैसा चने पर लग जाए और स्वाद के साथ महक भी आ जाए। बस चने को तेल से निकालें और टिश्यू पर पलटकर ठंडा कर लें। क्रिस्पी नमकीन बनकर तैयार है।

# जहर से कम नहीं है आपकी थाली में रखा 'नकली' पनीर

### बनाने से पहले ऐसे करें जांच

पनीर के दीवाने तो आपको घर-घर में मिल जाएंगे। कोई खास मौका हो या फिर घर पर ही कुछ स्पेशल खाने का मन हो, ज्यादातर लोगों की पहली पसंद पनीर ही होता है। प्रोटीन और कई पोषक तत्वों से भरपूर पनीर यूं तो सेहत के लिए काफी फायदेमंद है लेकिन आजकल बाजार में जिस तरह का मिलावटी पनीर मिल रहा है, वो सेहत के लिए किसी जहर से कम भी नहीं। मिलावटी पनीर आज इतना कॉमन हो गया है कि कई लोग तो डर के मारे ही ज्यादा पनीर खाने से बचते हैं। आपको ऐसा सख्त कदम उठाने की तो जरूरत नहीं है लेकिन हां आपको असली और नकली पनीर में पहचान करना जरूर आना चाहिए। ये कोई मुश्किल काम भी नहीं है, बस कुछ सिंपल सी टिप्स के जरिए आप बड़ी आसानी से अपने लिए सही पनीर का चुनाव कर सकते हैं। आइए ऐसी ही कुछ बड़े काम की टिप्स एंड ट्रिक्स जानते हैं।



### पनीर को ऐसे परखें

1 पनीर खरीदने से पहले उसके रंग को ध्यान से देखें। यदि वह सफेद या ऑफ-वाइट रंग का है, तो पनीर शुद्ध है। पनीर बेहद हल्का गुलाबी, हरा जैसा दिखे तो उसे ना खरीदें। ऐसा पनीर नकली हो सकता है। शुद्ध पनीर खाने में बहुत अधिक खट्टा नहीं होता। इसकी खुशबू माइल्ड और दूध जैसी लगनी चाहिए।

2 जब भी पनीर खरीदें तो थोड़ा-सा उंगलियों से तोड़कर देखें। यह भुरभुरा हो तो ठीक है, लेकिन अत्यधिक नर्म या गूदेदार न हो। शुद्ध पनीर की बनावट सख्त लेकिन मुलायम होती है। जिस पनीर से किसी भी तरह की बदबू आए, उसे कभी भी नहीं खरीदें।

3 पनीर की शुद्धता जांचने के लिए एक गिलास पानी लें। इसमें पनीर का छोटा-सा टुकड़ा डालें। असली और शुद्ध पनीर पानी में डूब जाएगा और टूटेगा नहीं, जबकि मिलावटी पनीर पानी में घुल सकता है या फिर टूट सकता है।

4 एक पैन में छोटा सा पनीर का टुकड़ा बिना तेल या पानी के डालकर गर्म करें। शुद्ध पनीर जब गर्म होगा तो वह नमी छोड़ेगा, पर उसका शेप जस-का-तस बरकरार रहेगा। वहीं, नकली पनीर गर्म होते ही टूट जाएगा और उससे पानी भी काफी निकलेगा।

5 उबलते पानी में पनीर का टुकड़ा डालें और फिर इसमें आयोडीन टिंचर की कुछ बूंदें डालें। यदि इसका रंग नीला हो जाता है तो संभवतः इस पनीर में बाइंडर्स या स्टार्च का इस्तेमाल किया गया है, जो सेहत के लिए नुकसानदेह हो

# दांतों में लगे कीड़े तो रोकने के लिए करें ये काम

## जान लें ये 3 घरेलू नुस्खे



### सरसों का तेल और नमक से करें मसाज

सरसों का तेल और नमक का मिश्रण दांतों और मसूड़ों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. नमक में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दाँतों के कीड़ों को बढ़ने से रोकते हैं. इसका यूज करने के लिए एक चुटकी नमक लें और उसमें दो-तीन बूंद सरसों का तेल मिलाएं. इस मिश्रण को अपनी उंगलियों से दांतों और मसूड़ों पर धीरे-धीरे रगड़ें. करीब 2-3 मिनट तक मसाज करने के बाद मुंह धो लें. अब इसे रोजाना दिन में दो बार करने से फायदा मिलेगा.

### लौंग का तेल या लौंग का इस्तेमाल करें

लौंग में एंटीसेप्टिक और दर्द निवारक गुण होते हैं, जो दांतों के कीड़ों से राहत दिलाने में मदद करते हैं. यह दांतों में बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है और कैविटी को कम करने में सहायक होता है. 2-3 लौंग को पीसकर पाउडर बना लें और इसे दांतों पर लगाएं. आप चाहें तो लौंग के तेल की एक-दो बूंदें रूई पर डालकर दांतों पर रख सकते हैं. इसे 10-15 मिनट तक रखें और फिर कुल्ला कर लें. यह उपाय दिन में एक बार करने से फायदा मिलेगा.

### नीम की दातून से करें ब्रश

नीम की दातून का इस्तेमाल पुराने समय से दांतों की सफाई के लिए किया जाता रहा है. इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दांतों में लगे कीड़ों को खत्म करने में मदद करते हैं. रोज सुबह नीम की दातून से हल्के हाथों से ब्रश करें. अगर दातून उपलब्ध नहीं है तो नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर दांतों पर लगा सकते हैं. नीम की पत्तियों को उबालकर उस पानी से कुल्ला करने से भी फायदा मिलेगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ** : लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

**मिथुन** : कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**कर्क** : यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें।

**सिंह** : प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक न हो। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**कन्या** : बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

**तुला** : स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा।

**धनु** : भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दुःसमाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा।

**मकर** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मीन** : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## संक्षेप...

### अंधेरी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**मुंबई.** पुलिस ने अंधेरी इलाके में चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया है, जिसका शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गेस्ट हाउस में की छापेमारीमीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सहार पुलिस को अंधेरी इलाके के मरोल में एक गेस्ट हाउस में वेश्यावृत्ति गतिविधियों के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गेस्ट हाउस में छापेमारी की। रेस्क्यू की गई नाबालिग लड़की को पैसों का लालच दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग लड़कियों को विदेशी पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करते थे। मुंबई पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दो लोगों की पहचान सलमान और जबरूल के रूप में हुई है। आरोपियों में से एक गेस्ट हाउस का मैनेजर है।

# 'हिन्दुओं को छोड़ना पड़ सकता है मुंबई...'

## संजय निरुपम ने मुस्लिम बिल्डरों पर लगाए गंभीर आरोप



**मुंबई.** मुंबई की राजनीति में एक नया विवाद तब खड़ा हो गया. शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के वरिष्ठ नेता संजय निरुपम ने शहर में 'हाउसिंग जिहाद' होने का बड़ा दावा किया. उनका कहना है कि मुंबई के कई इलाकों में मुस्लिम बिल्डर एक सुनियोजित रणनीति के तहत प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं और वहां केवल मुस्लिम समुदाय के लोगों को घर उपलब्ध करवा रहे हैं. इसके जरिये हिंदू बहुल इलाकों को मुस्लिम बहुल बनाने की कोशिश की जा रही है, जिससे शहर की डेमोग्राफी में बदलाव लाया जा सके.

संजय निरुपम ने महाराष्ट्र के आवास मंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर इस मामले की जांच की भी मांग की. उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब स्लम रिहेबिलिटेशन स्कीम (एसआरए) के नाम पर किया जा रहा है.

निरुपम ने कहा कि कुछ बिल्डर नियमों का उल्लंघन कर केवल मुस्लिम परिवारों को घर आवंटित कर रहे हैं, जिससे हिंदू समुदाय को उन क्षेत्रों से बाहर करने की एक साजिश चल रही है. उन्होंने इसे "हाउसिंग जिहाद" करार देते हुए कहा कि धीरे-धीरे पूरे मुंबई में यही पैटर्न देखने को मिल रहा है, जिससे हिंदुओं को शहर से मजबूरी में पलायन करना पड़ सकता है.

संजय निरुपम महाराष्ट्र चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए थे. इसके बाद से वह कई उग्र बयान देते देखे गए हैं. इससे पहले 16 फरवरी को उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा, 'पठानवाड़ी के लोगों ने धो-धोकर वोट दिया यूबीटी (उद्धव ठाकरे गुट) के उम्मीदवार को. मैं जीतते-जीतते हारा तो पठानवाड़ी के एकमुश्त मुस्लिम वोटों के कारण. आज जब वहां की समस्या विकट रूप धारण कर रही है तो लोग आमदार को नहीं मुझे टैग कर रहे हैं. क्या यह सिद्ध हो गया है कि पठानवाड़ी का आमदार अकर्मण्य है?'

वहीं संजय निरुपम के इस ताजा बयान पर अब तक राज्य सरकार की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है. अब देखना यह होगा कि क्या इस मामले की कोई जांच होगी या यह विवाद सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी तक ही सीमित रहेगा.

# पूर्व विधायक ने कर्जत थाने के बाहर सीढ़ियों पर सोकर किया प्रदर्शन

■ **मनमाने शासन की कड़ी आलोचना**



**कर्जत.** पूर्व विधायक सुरेश लाड ने कर्जत पुलिस स्टेशन के बाहर सीढ़ियों पर लेटकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह विरोध प्रदर्शन सीमा बंदी करने के विरोध में और किसानों के लिए न्याय की मांग को लेकर किया जा रहा है। लाड ने आरोप लगाया है कि बिना किसी सर्वेक्षण के किसानों पर अत्याचार कर सीमा बंद करने का काम चल रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि किसानों से मिलकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरेश लाड ने कर्जत पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर सुरेंद्र गरद के मनमाने आचरण की भी आलोचना की है।

लाड ने उन पर विभिन्न मामलों में अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। इसलिए वे इस अन्याय के खिलाफ ठाणे के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस स्थान पर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस उप-विभागीय अधिकारी डीडी टेली भी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

### कल्पतरु परियोजना में किसानों पर दबाव

सुरेश लाड ने यह भी आरोप लगाया है कि पलसदरी में कल्पतरु परियोजना में विकलांग किसानों के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि सीमाओं का निर्धारण करते समय कल्पतरु कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि की गणना की जाए। साथ ही किसानों को समय दिया जाए और अतिक्रमण रोका जाए। लाड ने विशेष रूप से किसान पांडुरंग शिर्के मुक्कम वर्ने के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाया है। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।


# पालघर में पालक मंत्री गणेश नाइक का जनता दरबार

■ **741 शिकायतें प्रस्तुत**

**पालघर.** पालघर जिले में संरक्षक मंत्री गणेश नाइक के जनता दरबार में अधिकारियों के समक्ष कुल 741 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। गुरुवार को जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से नागरिक सेवाओं को "एहसान नहीं बल्कि कर्तव्य" के रूप में मानने को कहा। जनता दरबार में प्राप्त 741 शिकायतों में से 36 का मौके पर ही समाधान किया गया। मंत्री नाइक ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतकर्ताओं से संबंधित जवाब 15 दिनों के भीतर प्रदान किए जाएंगे। जिले में पर्यटन पर चर्चा करते हुए नाइक ने प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि रिसॉर्ट्स की अनुचित जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, "रिसॉर्ट मालिक अपराधी नहीं हैं। रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, लेकिन प्रशासन के अधिकारियों को रिसॉर्ट मालिकों, जिला कलेक्टर, उप-विभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जा सके।"

# महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं का पेपर लीक

■ **परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही बंटीं फोटोकॉपी**



**जालना.** महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं की परीक्षा शुरू होते ही पेपर लीक का मामला सामने आया है. 21 फरवरी को प्रथम भाषाओं के पेपर के साथ एसएससी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुईं, लेकिन कुछ ही देर बाद पेपर लीक हो गया. महाराष्ट्र के जालना जिले में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के मराठी विषय का पेपर लीक हो गया है. इस घटना से राज्य में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं.

जालना जिले के बदनापुर स्थित एक परीक्षा केंद्र में मराठी विषय की परीक्षा चल रही थी, तभी पेपर लीक होने की खबर आई. जानकारी के अनुसार, प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही लीक हो गया और कुछ ही समय में यह बदनापुर के सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) केंद्रों तक पहुंच गया. इसके बाद इन केंद्रों पर प्रश्नपत्र के उत्तरों की जेरॉक्स कॉपी निकालकर छात्रों तक पहुंचाई गई. इस पूरे घटनाक्रम से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है.

### नकल मुक्त अभियान पर सवाल

महाराष्ट्र सरकार और शिक्षा विभाग ने इस बार बोर्ड परीक्षा को नकल मुक्त बनाने के लिए कई कड़े कदम उठाए थे. परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही थी और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कई उपाय किए गए थे. बावजूद इसके, मराठी विषय का प्रश्नपत्र लीक हो जाना प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े करता है.

# उद्धव सेना में मची रार!

■ **प्रवक्ता किशोर तिवारी ने लगाए गंभीर आरोप**

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) में उथल-पुथल का माहौल है। चुनाव में उम्मीद से खराब प्रदर्शन करने के बाद पार्टी के अंदर मतभेद खुलकर सामने आ रहें हैं। कुछ नेता खुलकर पार्टी नेतृत्व की आलोचना कर रहे हैं। उद्धव गुट के नेता व प्रवक्ता किशोर तिवारी ने हाल ही में पार्टी के शीर्ष नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया और चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहराया. हालांकि तिवारी के इस बगावती रुख पर उद्धव ने कड़ा एक्शन लिया और उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। खास बात यह है कि गुरुवार को ही उद्धव ठाकरे ने मजाकिया अंदाज में खुद को 'झटकापुरुष' भी बताया।

**क्या है मामला?**

पिछले कुछ दिनों से उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) में बेचैनी साफ नजर आ रही है। विधानसभा चुनाव में करारी हार से पार्टी के भीतर नाराजगी बढ़ गई है। कुछ नेताओं ने नेतृत्व के खिलाफ असंतोष जताया है, तो कुछ ने पार्टी छोड़ने का फैसला लिया है।
इसी बीच किशोर तिवारी ने एक न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान ठाकरे गुट के बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पार्टी सांसद संजय राउत, विनायक राउत, अरविंद सावंत और मिलिंद नार्वेकर पर 'मातोश्री' और 'सेना भवन' पर कब्जा करने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि जनाधार वाले नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया और चुनाव में हार के लिए इन नेताओं को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

**किशोर तिवारी पार्टी से आउट**

इस बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने तुरंत एक्शन लिया और किशोर तिवारी को प्रवक्ता पद से हटाने के साथ-साथ पार्टी से भी बाहर कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) के केंद्रीय कार्यालय द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया। किशोर तिवारी की बर्खास्तगी ने शिवसेना के अंदर की गुटबाजी और असंतोष को और उजागर कर दिया है। इसे पार्टी के भविष्य के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आने वाले दिनों में शिवसेना के अंदर का यह संघर्ष और बढ़ सकता है। हालांकि डैमेज कंट्रोल के लिए खुद उद्धव ठाकरे ने मोर्चा संभाला है और उन्होंने मातोश्री में पार्टी के सांसदों और विधायकों की बैठक बुलाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सांसदों की बैठक 20 फरवरी को हुई, जबकि विधायकों की बैठक 25 फरवरी को होगी।

# आगरा पहुंचे महाराष्ट्र CM ने यूपी सरकार से की ये अपील

■ **कहा- ताजमहल से ज्यादा लोग आएंगे...**



**आगरा।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर आगरा किला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उप्र सरकार से कोठी मीना बाजार मांगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुगल म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी म्यूजियम कर दिया है। वह महाराष्ट्र सरकार को कोठी मीना बाजार को अधिग्रहित करने की अनुमति प्रदान करें।

महाराष्ट्र सरकार यहां शिवाजी महाराज का ऐसा भव्य स्मारक बनाएगी कि ताजमहल से अधिक लोग इसे देखने आएंगे।

महाराष्ट्र की अजिंक्य देवनागिरी प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा कि औरंगजेब के दरबार में आए छत्रपति शिवाजी महाराज को आगरा किला के कोठी मीना बाजार में ही नजरबंद किया गया था। इसलिए यह स्थान उनके स्मारक के रूप में स्थापित होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि औरंगजेब हमारा पुरखा नहीं हो सकता है, हमारे पुरखे छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज एक राजा नहीं बल्कि उत्तम प्रशासक थे। उन्होंने समाज को एक साथ बांधकर हिंदवी स्वराज की स्थापना की। इतिहास ने संभाजी के साथ न्याय नहीं किया।

मुगल और अंग्रेज शिवाजी महाराज की विरासत को मिटाना चाहते थे। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता विक्की कौशल भी उपस्थित रहे।

केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री प्रो. एसीपी सिंह बघेल ने कहा कि आगरावासियों को इस बात पर गर्व है कि उन्होंने शिवाजी को आगरा में औरंगजेब की कैद से बचकर निकलने में सहायता की थी।

उन्होंने वादा किया कि कोठी मीना बाजार मैदान पर छत्रपति शिवाजी महाराज का भव्य स्मारक बनेगा। इसके साथ ही आगरा-मुंबई हाइवे का नाम बदलकर आगरा-शिवाजी हाईवे करने का सुझाव दिया। आगरा किला में शिवाजी जन्मोत्सव में शामिल होने आए अभिनेता विक्की कौशल की एक झलक पाते ही आगरा किला में उपस्थित लोगों ने जय शिवाजी-जय सम्भाजी का घोष किया।


# पटेल आर मार्ट की चित्रकला प्रतियोगिता में 1500 बाल चित्रकारों ने लिया हिस्सा



**अंबरनाथ.** पटेल आर मार्ट द्वारा शिव जयंती के अवसर पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पटेल आर मार्ट की 20 विभिन्न शाखाओं में आयोजित की गई थी। इस चित्रकला प्रतियोगिता में 1500 से अधिक बाल चित्रकारों ने भाग लिया। बच्चों ने शिवाजी की कहानी विषय पर बहुत ही आकर्षक और अद्भुत पेंटिंग प्रस्तुत की।

छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों को युवावस्था में ही स्थापित करने के उद्देश्य से, पटेल आर मार्ट के निदेशक श्री भरत पटेल की संकल्पना के अनुसार, पटेल आर मार्ट की सभी शाखाओं में शिव जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर पटेल आर मार्ट के सभी कर्मचारी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे तथा उत्साह के साथ शिव जयंती मनाई। प्रतियोगिता के विजेताओं को पेंटिंग के लिए आवश्यक ब्रांडेड वस्तुएं देकर सम्मानित किया गया।

# महाराष्ट्र में कई विधायकों के सामने गहराया आवास संकट



**मुंबई.** महाराष्ट्र में नई सरकार बनने के तीन महीने बाद भी कई नवनिर्वाचित विधायकों को मुंबई स्थित विधायक आवास में ठिकाना नहीं मिल पाया है. इसकी वजह ये है कि कई पूर्व विधायकों और वर्तमान सरकार में मंत्रियों ने विधायक आवास खाली करने से इनकार कर दिया है. हालांकि विधानसभा सचिवालय की ओर से उन्हें नोटिस भी भेजे जा चुके हैं.

ठिकाना खाली न करने वाले नेताओं में कई बड़े नाम शामिल हैं, जिनमें गिरीश महाजन (जल संसाधन मंत्री), संजय सावकारे (वस्त्र मंत्री), मकरंद पाटिल (राहत और पुनर्वास मंत्री), बाबासाहेब पाटिल (सहकारिता मंत्री), पंकज भोयर (गृहराज्य मंत्री - ग्रामीण) और योगेश कदम (गृहराज्य मंत्री- शहरी) प्रमुख हैं.

एक ओर नवनिर्वाचित विधायक अपने आवंटित कमरे न मिलने से परेशान हैं, वहीं, मंत्रियों के कार्यालयों से भी शिकायतें आ रही हैं कि उन्हें जो आवास दिए गए हैं, वे ठीक से सुसज्जित नहीं हैं और वहां अभी मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है. इसी वजह से वह विधायक आवास खाली नहीं कर पा रहे हैं.

### आवास के लिए कतार और विवाद

आवास को लेकर कई विधायक संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं, कुछ मामलों में तो एक ही कमरे के लिए विधायकों के बीच विवाद भी हो रहा है.

### बजट सत्र से पहले समाधान की जरूरत

महाराष्ट्र में नई सरकार की इस धीमी सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया ने कई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं. मार्च के पहले सप्ताह से बजट सत्र शुरू होने वाला है, जो लगभग दो हफ्तों तक चलेगा. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस जरूरी मुद्दे को कैसे हल करती है, ताकि विधायकों का कामकाज सुचारू रूप से चल सके.

# कुर्ला (प.) हलावपुल पर मेट्रो 2ब का कार्य फायर ब्रिगेड की एनओसी के बिना जारी

**मुंबई.** कुर्ला पश्चिम हलावपुल क्षेत्र से मेट्रो 2ब का मार्ग गुजर रहा है, लेकिन यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि अब तक अग्निशमन विभाग की ना-हरकत प्रमाणपत्र (NOC) लिए बिना ही इस परियोजना का कार्य जारी है। इस मुद्दे को लेकर एमएमआरडीए, मुंबई महानगरपालिका और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों के साथ स्थल निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण में एमएमआरडीए के अधीक्षक अभियंता श्रीकांत जाधव, महानगरपालिका के कार्यकारी अभियंता नितीन देशमुख, उप प्रमुख अग्निशमन अधिकारी संदेश राणे, विभागीय अधिकारी प्रीतम सावंत, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, उमेश गायकवाड़, अनिल मांडवकर, प्रकाश चौधरी और कई स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

स्थानीय नागरिकों की प्रमुख मांगें यह है कि मेट्रो मार्ग की ऊंचाई 5 मीटर बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। सड़क का विकास किया जाए, ताकि गणेशोत्सव और नवरात्रि जैसे सार्वजनिक त्योहारों के आयोजन में कोई समस्या न आए। स्थानीय नागरिकों ने एमएमआरडीए और मेट्रो प्रशासन से इस मामले में तत्काल निर्णय लेकर आवश्यक सुधार करने की मांग की है।

# वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़, 3 महिलाओं को बचाया गया

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में वेश्यावृत्ति रैकेट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन महिलाओं को बचाया है, इस बात की जानकारी पुलिस अधिकारी द्वारा दी गयी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ ने अवैध गतिविधि की पुष्टि करने के लिए एक फर्जी ग्राहक को भेजने के बाद बुधवार को वाशी में एपीएमसी के पास एक लॉज पर छापा मारा। छापे के दौरान, पुलिस ने तीन महिलाओं को बचाया, जिन्हें कथित तौर पर वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्हें अब परामर्श और सहायता प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा संचालित बचाव और पुनर्वास गृह में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने लॉज मैनेजर बंटी , रसोइया कुमार गौड़ा और एजेंट तारापद दास को गिरफ्तार किया। जबकि विक्की नाम के चौथे व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.

**PUBLIC NOTICE**


By way if this Public Notice I, Smt Laxmi Dayaldas Gidwani, residing at Ulhasnagar state that in pursuance of Family Settlement Deed duly executed and notarized I have paid the respective share from my properties to my son Kishin D Gidwani and his wife Mrs Roshni K Gidwani, being the full and final family Settlement.

Sd/-
**Smt Laxmi D Gidwani,**
Ulhasnagar 4.

**STAFF REQUIRED**
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# महाराष्ट्र सायबर सेल ने राखी सावंत को भेजा समन

■ **27 फरवरी को होना होगा पेश**



इंडियाज गॉट लेटेंट के रणवीर इलाहाबादिया के वीडियो वायरल होने के बाद इस शो में आए लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. इस शो में जज बनकर आईं राखी सावंत को भी महाराष्ट्र सायबर सेल ने समन भेजा है. राखी सावंत को 27 फरवरी को पेश होना होगा.

राखी सावंत भी इंडियाज गॉट लेटेंट में जज बनकर जा चुकी हैं. राखी सावंत वाला एपिसोड काफी वायरल हुआ था. उनके शॉर्ट वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए थे.

रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील कमेंट के बाद हुए विवाद के बाद समय रैना को भी खूब ट्रोल किया जा रहा था और उनके खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई थी तब राखी ने समय का सपोर्ट किया था. उन्होंने ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा था- एक इंसान ने गलती कर दी लेकिन फिर बाकी को टारगेट क्यों किया जा रहा है? रणवीर ने कुछ गलत कह दिया और मैं भी मानती हूं कि वो गलत था. लेकिन सिर्फ समय रैना पर अटैक क्यों किया जा रहा है?

इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर चल रहे विवाद के आरोपी रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्वा मुखीजा और समय रैना महाराष्ट्र साइबर के संपर्क में हैं. इनका शुक्रवार को बयान दर्ज किया जाएगा. वे अपना बयान दर्ज कराने के लिए महाराष्ट्र साइबर कार्यालय जाएंगे. ये सभी अधिकारियों द्वारा दिए गए वक्त पर आकर अपना बयान दर्ज कराएंगे.

बता दें कि 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के पेरेंट्स को लेकर अश्लील कमेंट के बाद समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए थे. सुप्रीम कोर्ट ने पॉडकास्टर और उसके सहयोगियों को अगले नोटिस तक यूट्यूब या अन्य प्लेटफॉर्म पर कोई भी शो टेलिकास्ट करने से मना कर दिया है.

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099

## संक्षेप...

### साइबर सेल ने विकिपीडिया पर दर्ज किया मामला

**मुंबई.** महाराष्ट्र साइबर सेल विकिपीडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में विवादास्पद सामग्री अपलोड करने के लिए, जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी में है. अधिकारियों का मानना है कि, सामग्री सामाजिक अशांति पैदा कर सकती है, जिसके चलते चार से पांच व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. विकिपीडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में अनुचित सामग्री सामने आने के बाद महाराष्ट्र में विवाद खड़ा हो गया है. यह विवाद विक्की कौशल अभिनीत बॉलीवुड फिल्म 'छावा' के डेब्यू के साथ हुआ, जो मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन को दर्शाती है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया है कि, वे विकिपीडिया से संपर्क करें और आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए कहें.

# ठाणे जिले में 896 इमारतें अवैध

## कल्याण-अंबरनाथ तालुका में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण





**उल्हासनगर.** कल्याण-डोंबिवली में 65 अवैध निर्माणों का मामला चल रहा है, वहीं सूचना के अधिकार में खुलासा हुआ है कि ठाणे जिले के ठाणे, अंबरनाथ और कल्याण तालुका में सरकारी भूखंडों पर 896 अवैध निर्माण किए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पांडुरंग भोईर ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) में इस मामले का खुलासा किया है और इसमें कल्याण तालुका में 327 और अंबरनाथ तालुका में 550 निर्माण परियोजनाएं शामिल हैं।

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका सीमा के भीतर रेरा पंजीकरण घोटाले में 65 अवैध निर्माण किए जाने का खुलासा हुआ है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने इन संरचनाओं को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। अदालत के इस आदेश के कारण इस अवैध निर्माण में मकान खरीदने वाले निवासी बेघर होने को मजबूर हो गए हैं। यद्यपि निवासी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई को स्थगित कराने के लिए अदालत चले गए हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। जबकि ये सभी मामले अभी भी ताजा हैं, सामाजिक कार्यकर्ता पांडुरंग भोईर ने इस प्रश्न की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि ठाणे जिले में न केवल 65 बल्कि 896 वर्ग 2 भूखंडों पर अवैध निर्माण खडे किए गए हैं. इन अवैध निर्माणों के बारे में क्या किया जाए। उन्होंने सूचना के अधिकार में इस मामले का खुलासा किया है।

भोईर ने ठाणे जिले में सहकारी आवास समितियों को आवंटित सरकारी भूखंडों के संबंध में शर्तों के उल्लंघन के मामलों के बारे में जानकारी प्रदान की।

ठाणे जिला कलेक्टर से इसका अनुरोध किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठाणे जिले में अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने वाली कुल 1,689 सोसायटियों में से 793 को विनियमित किया गया है। बताया गया है कि 896 सोसायटियों की शर्तों के उल्लंघन को विनियमित करने के प्रस्ताव जिला कलेक्टर के पास लंबित हैं।

65 इमारतों में मुख्य दोषी भूस्वामी, डेवलपर्स और आर्किटेक्ट हैं। वर्ग 2 की भूमि पर न केवल 65, बल्कि लगभग 900 अवैध संरचनाएं बनाई गई हैं। इसमें नगर पालिका के तत्कालीन आयुक्त, नगर नियोजन विभाग अधिकारी, जिला कार्यालय, पंजीयन कार्यालय शामिल हैं। मैंने इस मामले में पुणे स्थित कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

# 72 बोतल विदेशी शराब जब्त



- उल्हासनगर-5 से एक गिरफ्तार
- उत्पादन शुल्क ने की छापेमारी
- आरोपी दो दिन के रिमांड पर
- 1 लाख 92 हजार की शराब जब्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के राज्य आबकारी विभाग ने छापामारी कर दिल्ली और हरियाणा से सस्ते दामों पर अंग्रेजी शराब खरीदकर महाराष्ट्र में बेचने की फिराक में बैठे आरोपी प्रदीप गोपलानी को गिरफ्तार किया गया है। राज्य आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उल्हासनगर कैंप 5 स्थित पुराने बस स्टॉप के पास महाशिव अपार्टमेंट में विदेशी शराब की अवैध रूप से बिक्री के लिए कोई लाया हुआ है। उक्त स्थान पर जाल बिछाकर आरोपी प्रदीप गोपलानी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 72 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई है। जिसकी कीमत 1 लाख 92 हजार 200 रुपये है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। यह ऑपरेशन उल्हासनगर उत्पादन शुल्क के निरीक्षक बीके जाधव, सब-इंस्पेक्टर अविनाश पाटिल, उमेश गायकवाड़, सोनाली गावंडे और छह सब-इंस्पेक्टर योगेश राणे, शरद भोर, प्रशांत निकुंभ और मयूर तायडे द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

# उल्हासनगर की सूरत बदलने निकली मनपा आयुक्त आव्हाले

## आयुक्त मनीषा आव्हाले का शहर के बगीचों का दौरा



- नागरिकों की समस्याओं से हुई रुबरू
- बगीचों का होगा कायाकल्प
- सफाई व सुरक्षा पर भी ध्यान

**उल्हासनगर.** नागरिकों की समस्याओं को समझने और शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले ने स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। दिलचस्प बात यह है कि छुट्टी के दिन भी उन्होंने शहर के महत्वपूर्ण पार्कों का दौरा किया और उनकी सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उनके सक्रिय दृष्टिकोण से प्रशासन में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने उनकी तत्परता की प्रशंसा की और कहा, यदि वे इसी तरह तत्परता से काम करते रहे तो उल्हासनगर की सूरत बदल सकती है! यह राय व्यक्त की गई।

### नागरिकों ने किया संतोष व्यक्त

नागरिकों ने आयुक्त मनीषा आव्हाले के तत्काल और सक्रिय दृष्टिकोण पर संतोष व्यक्त किया है। कई निवासियों ने कहा, 'प्रशासन का यह नया चेहरा देखकर मुझे उम्मीद है कि शहर की समस्याएं जल्द ही हल हो जाएंगी!' उन्होंने बहुत उत्साह से कहा। इस अवलोकन दौरे से प्रशासन और नागरिकों के बीच की खाई को पाटने में मदद मिली है और यह स्पष्ट हो गया है कि यह उल्हासनगर की सुंदरता को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयुक्त मनीषा आव्हाले ने बुधवार को छुट्टी के दिन भी शहर के प्रमुख पार्कों का दौरा किया। उन्होंने राजीव गांधी उद्यान (सपना गार्डन), नेताजी गार्डन (प्रभात गार्डन), साईं मंदिर शाह उद्यान (105 गार्डन), इंदिरा गार्डन और लाललूपी उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने पार्कों की साफ-सफाई, टूटे खिलौनों, क्षतिग्रस्त बेंचों और नागरिकों को उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को इनमें सुधार के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अधिकारियों को पार्कों में नियमित रूप से साफ-सफाई रखने, बच्चों के खेलने की सुविधाओं को सुरक्षित करने, मरम्मत की प्रतीक्षा कर रही सुविधाओं को तत्काल लागू करने, नागरिकों के लिए बैठने की अच्छी सुविधा और हरियाली बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उनके सीधे हस्तक्षेप से प्रशासन की गति बढ़ गई है और जल्द ही शहर के पार्कों का सौंदर्यीकरण हो जाएगा।

# उल्हासनगर में खुलेआम बिक रहा प्रतिबंधित गुटखा



**उल्हासनगर-2 सीरू चौक के पीछे होलसेल कपड़ा बाजार महालाक्ष्मी मार्केट के सामने शौचालय के पास दुपहिया वाहन पर खुलेआम प्रतिबंधित गुटखा बेचा जा रहा है। यहां वर्षों से गुटखा बेचा जा रहा है लेकिन कोई भी कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।**

## घंटागाड़ी कर्मचारी वेतन नहीं मिलने से हड़ताल पर

# शहर में जगह-जगह लगा कचरे का ढेर

## अंबरनाथ नपा ने कचरा ठेकेदार को अदा नहीं किए 7 करोड़ रुपए

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में कचरा ठेकेदार द्वारा घंटा गाड़ी कर्मचारियों को वेतन नहीं देने से कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर जमा हो गया है. ठेकेदार का कहना है कि गत सात महिने ने नपा प्रशासन ने उनका करोड़ों रुपया अदा नहीं किया है. जिसके कारण वह घंटागाड़ी कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रहे हैं. कर्मचारियों ने शुक्रवार से तीन दिनों के लिए हड़ताल शुरू कर दी है. नगरपरिषद की लापरवाही एवं तिजोरी में पैसा होने के बावजूद समीक्षा ठेकेदार को लगभग सात करोड़ रुपया नहीं देने से ठेकेदार ने भी कर्मचारियों को दो महिने का वेतन नहीं दे सका है. कर्मचारियों एवं घंटागाड़ी द्वारा कचरा नहीं उठाने से शहर में कचरे का डेर जमा हो गया है.

### काम पर वापस लौटे कर्मचारी

खबर लिखे जाने तक ये जानकारी मिली है कि ठेकेदार ने कर्मचारियों को शाम में एक महिने का वेतन अदा करने से कर्मचारी काम पर वापस आ गए हैं और उन्होंने शहर से कचरा उठाना शुरू कर दिया है. जानकारी ये भी मिली है कि नपा प्रशासन और ठेकेदार के बीच कर्मचारियों के आंदोलन को लेकर एवं सात महिने की रकम को लेकर कोई बैठक नहीं हुई है. ठेकेदार ने कर्मचारियों को एक महिने का वेतन देने से कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दिया है.

# रेलवे पुलिस अधिकारी लोकल ट्रेन की चपेट में गंभीर घायल

- पटरी के पास पड़े शव की जांच करने गए थे
- तानशेत और खर्डी स्टेशनों के बीच हादसा



**कल्याण.** रेलवे ट्रैक के पास मिली एक युवती के शव का पोस्टमार्टम करते समय एक रेलवे सहायक पुलिस निरीक्षक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कल्याण रेलवे पुलिस को सूचना मिली कि मध्य रात्रि के करीब मध्य रेलवे के तानशेत और खर्डी स्टेशनों के बीच एक युवती का शव मिला है। कल्याण रेलवे के सहायक पुलिस निरीक्षक कैलाश गरजे शव का पोस्टमार्टम करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। पंचनामा करते समय अचानक दोनों तरफ से आ रही लोकल ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे हुई। कल्याण रेलवे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंढरीनाथ कांडे ने बताया कि घायल गरजे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो दिन पहले आसनगांव रेलवे स्टेशन के पास आकांक्षा जगताप नामक युवती का शव मिला था। इस बीच, कल देर रात रेलवे मोटरमैन ने रेलवे पुलिस को सूचना दी कि तानशेत और खारडी के बीच रेलवे ट्रैक के पास एक युवती खून से लथपथ पड़ी है। घटना की गंभीरता को समझते हुए कल्याण रेलवे पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। सुबह के अंधेरे में जब सहायक पुलिस निरीक्षक कैलाश गर्जे घटनास्थल पर पंचनामा कर रहे थे, तभी अचानक दोनों दिशाओं से एक ही समय पर लोकल ट्रेनें आ गईं। इसके चलते गर्जे लोकल ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# उल्हासनगर में स्कूल परिसर के अतिक्रमणों को ढहाया गया



### आयुक्त ने दिए थे आदेश

कुछ दिन पहले आयुक्त मनीषा अव्हाले ने मॉडल स्कूलों का निरीक्षण किया था। उस समय यह पाया गया कि स्कूल परिसर में अतिक्रमण और अव्यवस्था हो रही थी। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग को इन अतिक्रमणों को हटाने के आदेश दिए थे।

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के इतिहास में पहली बार महिला आयुक्त के पद का कार्यभार संभाल रहीं मनीषा आव्हाले ने तत्कालीन आयुक्त विकास ढाकणे द्वारा क्रियान्वित मॉडल स्कूलों की अवधारणा को गति देने के लिए कमर कस ली है। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में पाए गए अतिक्रमणों को अनाधिकृत निर्माण निष्कासन विभाग के नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी ने ध्वस्त कर दिया है।

अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के मार्गदर्शन में, अनधिकृत निर्माण हटाने विभाग के नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी ने स्कूल नंबर 8 में अनधिकृत दुकान और स्कूल नंबर 17 में स्कूल के प्रवेश द्वार के पास कमरे के निर्माण को ध्वस्त कर दिया है।

आयुक्त मनीषा अव्हाले ने सभी सहायक आयुक्तों को आदेश दिया है कि यदि उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम स्कूलों के आसपास कोई भी अनधिकृत निर्माण पाया जाता है तो तत्काल कार्रवाई की जाए।

# कडोंमपा ने की 34 कबाड़ बसों की बिक्री

- मनपा को मिले 83 लाख रुपये



**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा परिवहन उपक्रम की 34 कबाड़ बसों और तीन अन्य छोटे वाहनों को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बेचकर कल्याण डोंबिवली मनपा परिवहन उपक्रम को 83 लाख 92 हजार 758 रुपये की राशि प्राप्त हुई है, ऐसी जानकारी परिवहन प्रबंधक डॉ. विजयकुमार वडसे द्वारा प्रदान किया गया।

इन 34 समाप्त हो चुकी बसों को 1997 और 2000 के बीच मनपा परिवहन बेड़े में शामिल किया गया था। चूंकि इन बसों की 10 साल की यात्री सेवा अवधि समाप्त हो गई थी, इसलिए ये सभी बसें कल्याण पश्चिम में मुरबाड रोड स्थित गणेशघाट परिवहन डिपो में खड़ी थीं।

आयुक्त डॉ. इन्दुरानी जाखड़ की स्वीकृति से उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने इस बस का मूल्यांकन करवाया। केंद्र सरकार के स्क्रैप मेटल ट्रेडिंग कॉरपोरेशन द्वारा मुंबई में 34 बसों और तीन छोटे वाहनों का पंजीकरण रद्द करने की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रशासन ने इस कबाड़ बस के लिए ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया आयोजित करने का निर्णय लिया। ये बसें निरीक्षण के लिए ठेकेदारों को उपलब्ध करायी गयीं। नीलामी तीन चरणों में की गई। इन स्क्रैप बसों को बेचने की प्रक्रिया बहुत पारदर्शी तरीके से की गई। उपक्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने इस बस का आधार मूल्य 53 लाख 38 हजार रुपए तय किया था।

परिवहन प्रबंधक द्वासे ने बताया कि वास्तविक नीलामी के दौरान इन 34 वाहनों के माध्यम से परिवहन उपक्रम को 83 लाख 92 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। इस बस के हट जाने से, इस बस द्वारा घेरे गए स्थान को अन्य बसों और गतिविधियों के लिए खाली कर दिया गया है। इस बस का मुद्दा मुख्यमंत्री की स्वच्छता पर सात सूत्री 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत सुलझाया गया।

# अवैध मोबाइल टॉवर पर होगी कार्रवाई

- प्रहार संघटना का आंदोलन सफल
- नपा अतिक्रमण विभाग करेगा कार्रवाई
- जावसई गांव में लगा है ये अवैध टॉवर

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के जावसई गांव में गत कई वर्षों से अवैध दुकानों में अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल टॉवर का विद्युत कनेक्शन सोमवार को काट कर उसे नाकारा बना दिया जाएगा. अंबरनाथ नपा अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे ने ऐसी जानकारी प्रहार संघटना के शहराध्यक्ष आलम खान को दी है.

जावसई गांव में इंडस टेलीकॉम द्वारा यादव नामक व्यक्ति की अवैध दुकान में अवैध रूप से चार वर्षों पूर्व टेलीकॉम टॉवर लगाया गया था. इस अवैध टॉवर को हटाने के लिए आलम खान, योगेश चलवादी ने शुक्रवार को नगर परिषद के आंगन में आंदोलन छेड़कर अतिक्रमण विभाग हाय-हाय, मुख्याधिकारी इस्तीफा दो, के नारे लगाने के बाद अतिक्रमण विभाग हरकत में आया और इस टॉवर की बिजली सोमवार को काटने का वादा करने के बाद आंदोलन वापस लिया गया. इस टॉवर को हटाने के लिए गत 3 वर्षों से योगेश पत्रव्यवहार कर रहे थे. आखिर प्रहार संघटना ने नपा को पत्र देकर टॉवर हटाने की मांग करने पर 4 फरवरी 25 को टॉवर कंपनी एवं यादव को नपा ने नोटिस जारी किया कि 15 दिनों के भीतर टॉवर को निकाल लो, वरना कार्रवाई की जाएगी. 19 फरवरी तक अवैध टॉवर को हटाए नहीं जाने के कारण आलम खान और योगेश चलवादी द्वारा शुक्रवार को आंदोलन छेड़ने से नपा के नरेंद्र संखे ने वादा किया है कि अवैध टॉवर का विद्युत कनेक्शन सोमवार को काट कर कार्रवाई की जाएगी. इस आश्वासन के बाद आंदोलन वापस लिया गया.

# ठाणे में 12 साल बाद एक बार फिर पुलिस प्रतियोगिता

- करीब साढ़े तीन हजार पुलिस अधिकारी व कर्मचारी होंगे शामिल
- 22 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजन



फाइल फोटो

**ठाणे.** राज्य में पुलिस बल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता 'महाराष्ट्र पुलिस खेल प्रतियोगिता' का आयोजन 12 साल बाद एक बार फिर ठाणे शहर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब साढ़े तीन हजार पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। ठाणे में हॉकी, फुटबॉल, दौड़, तैराकी, मुक्केबाजी आदि 18 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता 22 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी और इसका उद्घाटन 27 फरवरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस या उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किए जाने की संभावना है।

राज्य पुलिस बल में कई पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती आरक्षण के माध्यम से की जाती है। इसलिए, कुछ पुलिस अधिकारी खेलों के शौकीन हैं। महाराष्ट्र पुलिस खेल प्रतियोगिता राज्य के सभी पुलिस बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाती है। इन प्रतियोगिताओं में हजारों पुलिस कर्मी अपने पुलिस बल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस वर्ष यह खेल प्रतियोगिता ठाणे शहर के साकेत मैदान में आयोजित की गई है। यह प्रतियोगिता 22 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता इससे पहले 2013 में ठाणे में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, बॉडीबिल्डिंग और दौड़ सहित कुल 18 खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें से कुछ प्रतियोगिताएं साकेत मैदान पर आयोजित की जाएंगी। इसलिए, कुछ प्रतियोगिताएं ठाणे पुलिस सिद्धि ऑडिटोरियम और पुलिस ड्रिल ग्राउंड में आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में राज्य भर से लगभग 3,500 पुलिस खिलाड़ी भाग लेंगे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रतियोगिता वैसे तो 22 फरवरी से शुरू हो रही है, लेकिन इसका उद्घाटन 27 फरवरी को होगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस या उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के उपस्थित रहने की संभावना है। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe

Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)